दिनांक 13.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आजीविका मिशन अंतर्गत बैंकर्स कार्यशाला सम्पन्न

भिलाईनगर/दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत स्वरोजगार घटक की समीक्षा हेतु एक दिवसीय बैंकर्स कार्यशाला का आयोजन निगम सभागार में किया गया। जिसमें निगम आयुक्त के द्वारा बैंक ब्रांचवार स्वरोजगार कार्यक्रम के अपघटक व्यक्तिगत ऋण, समुह ऋण, एवं बैंक लिकेज की प्रगति की जानकारी ली। बैंकर्स को प्रकरण प्राप्त होने के 15 दिवस के भीतर उनके निराकरण करने के निर्देश दिये गये।
आयुक्त सुंदरानी ने विभिन्न बैंक के उपस्थित बैंक के अधिकारियों से बारी – बारी से बैंक लिंकेज के प्रकरण के बारे में गहन समीक्षा की व दिए गए लक्ष्य के विरुद्ध प्रकरण जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए ताकि भिलाई क्षेत्र में आने वाले हितग्राहियों को इसका लाभ मिल सके जो बैंक अधिकारी अनुपस्थित रहे उन पर आयुक्त ने नाराजगी जताई। पात्र हितग्राही सीधे निगम कार्यालय के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन कक्ष में संपर्क कर फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं ।

आयुक्त महोदय द्वारा सभी बीपीएल वेंडरर्स एवं व्यापारियों को जो गुमास्ता रखते हैं उन्हे इस कार्यक्रम से जुड़कर लाभ लेने एवं स्वरोजगार कार्यक्रम में ऋण हेतु आवेदन करने की जानकारी दी।
आयुक्त ने बैंकर्स को एवं संबंधित विभाग को आवेदकों के लिए समस्त ऋण आवेदन की प्रक्रिया को सरलीकरण करने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि आवेदक को बैंको के माध्यम से भी इस कार्यक्रम से लाभ लेने के लिए प्रेरित किये जायें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वच्छता एप के संबंध में जानकारी देते हुए स्वच्छता एप डाउनलोड भी कराया गया।

बैठक में उपायुक्त अशोक द्विवेदी, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के प्रभारी आर.के. साहू, बैंक लिंकेज से संबंधित मिशन प्रबंधक शिबा रॉबट्र्स ,विभिन्न बैंक के अधिकारी सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

जनसम्पर्क अधिकारी